**Patrika (Indore), 21st April 2021, Page-4**

# नए सत्र से आइआइटी के चार नए पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम होंगे शुरू

**पत्रिका PLUS रिपोर्टर**

**इंदौर** ◆ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने जुलाई 2021 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए चार नए पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम शुरू किए हैं। इनमें सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (सीईवीआइटीएस) द्वारा इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी में एमटेक, खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष इंजीनियरिंग (डीएएएसई) विभाग द्वारा अंतरिक्ष इंजीनियरिंग में एमटेक एवं अंतरिक्ष विज्ञान और इंजीनियरिंग में एमएस (अनुसंधान), मानविकी और सामाजिक विज्ञान (एचएसएस) स्कूल द्वारा मानविकी और सामाजिक विज्ञान में एमएस (अनुसंधान) शामिल है। ये सभी 2 साल के पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हैं। इनके लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। आवेदक संस्थान के ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं।